आयोजन

**महाराष्ट्रीयन का पहला तथा हिंदी के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में दर्शनार्थ भक्तजनों का लगा रहा तांता**

# शिवालयों में सुनाई देने लगे हर-हर महादेव के जयकारे

**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 17 अगस्त,** महाराष्ट्रीय पंचांग के अनुसार देवाधी देव महादेव के पवित्र श्रावण मास के पहले तथा हिंदी पंचांग के तीसरे सोमवार के कारण आज सुबह से देर रात तक नगर सहित जिले के सभी ग्रामों के शिव मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा, हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहें, जिससे सभी तरह भक्तिमय वातावरण बना रहा।



उल्लेखनीय हो कि मध्य प्रदेश की अंतिम तथा महाराष्ट्र सीमा से लगे हुए पांढुरना जिले में महाराष्ट्रीय पंचांग के अनुरूप ही सारे तीज त्यौहार मनाये जाते है। चूंकि पांढुरना जिले की तीनों और महाराष्ट्र प्रदेश की सीमाओं से लगी हुई है, और यहां के अधिकांश बेटियों की शादियों पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में तो वहीं महाराष्ट्र के रिश्तेदारों की लड़कियों की शादी पांढुरना जिले में होने से सभी का लगाव महाराष्ट्र से अधिक लगा हुआ है, यहां तक की सभी तीज त्यौहार पांढुरना जिले के लोग महाराष्ट्र पंचांग के अनुरूप ही मनाते आ रहे है।

हालांकि बीते कुछ वर्षों से मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की यहां पांढुरना जिले में होने तथा इन लोगों को इस क्षेत्र की आबोहवा अच्छी लगने से सेवानिवृत्ति के बाद भी अधिकांश अधिकारी, कर्मचारियों ने अब यहीं पर अपना आशियाना बना लिया है। लेकिन यह सभी लोग अपने-अपने तीज त्यौहार इनके हिंदी पंचांग के अनुरूप ही मनाते है। इसलिए इस क्षेत्र में हिंदी तथा महाराष्ट्र पंचांग के अनुरूप त्यौहार मनाये जाते है।

हिंदी पंचांग के अनुरूप श्रावण मास गुरु पूर्णिमा के बाद से प्रारंभ हो जाता है, जब की महाराष्ट्रीय पंचांग के अनुरूप श्रावण मास जीवती के बाद प्रारंभ होते है, इस वर्ष हिंदी पंचांग के अनुरूप 3 अगस्त को पहला सोमवार रहा तथा 17 अगस्त को इनका तीसरा सोमवार रहा, जब कि महाराष्ट्र पंचांग के अनुसार आज 17 अगस्त को पहला सोमवार रहा, जिससे नगर सहित जिले के सभी ग्रामों के शिव मंदिर में बडी संख्या में भक्तजनों ने पहुंचकर शिव की आराधना में लीन दिखाई दिए, वहीं सभी शिवालयों में अल सुबह से लेकर देर रात तक हर-हर महादेव के जयकारे सुनाई दिए।

श्रावन मास के पहले ही नगर सहित क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों का रंग-रोगण के साथ ही साज-साज तथा दुधिया रोशनी से जगमगा रहें।

## शिवलोक कांलोनी में जारी अखंड रामचरित मानस पाठ से नगर में बना भक्तिमय वातावरण



**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 17अगस्त,** नगर के संतोषी माता वार्ड स्थित प्रसिद्ध शिवलोक कॉलोनी के शिव मंदिर में रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ होने से पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के संतोषी माता वार्ड के वन विभाग कार्यालय से लगी शिवलोक कॉलोनी में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसके तहत 17 अगस्त सोमवार से प्रात:9 बजे से श्री रामचरित मानस अखंड पाठ प्रारंभ हुआ है, जो 18 अगस्त तक अनवरत रूप से शुरू रहेंगा, वहीं इसके बाद मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाऐंगे। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचकर पुण्य लाभ उठा रहें है, इस धार्मिक कार्यक्रमों के चलते पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

## प्रबुद्ध बुद्ध विहार में मिशन व्यवस्था परिवर्तन पर सेमिनार



**नवभारत न्यूज़ सौसर 17 अगस्त.** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर के संजय नगर स्थित प्रबुद्ध बुद्ध विहार में %मिशन व्यवस्था परिवर्तन% को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पुष्पेंद्र बहुजन ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज के लोगों को बहुजन महापुरुषों की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने की अत्यंत आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक भगत, मुरलीधर कामले, देवेंद्र बागडे, डॉ. प्रीति बहुजन और संतोष सहित अन्य अतिथियों द्वारा तथागत बुद्ध एवं बहुजन महानायकों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रीति बहुजन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निलमनी गेडाम ने की। इस वैचारिक आयोजन को सफल बनाने में सुजाता महिला मंडल संजय नगर की श्रीमती चंद्रप्रभा ठवरे, अलका बागडे, प्रतिभा गजभिये, माया बागड़े, विमल भगत, रत्नमाला पीसे, मिलिंद बसोड़, विजय नागदवने, कैलास गजभिये, जी.एम. दुफारे, प्रहलाद ढोके, डॉ. आकाश ढोके, सतीश बसोड़, मुकेश बागडे और सिद्धार्थ सोमकुँवर सहित बड़ी संख्या में शहरवासी और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# कमांडिंग ऑफिसर ने किया समता कॉलेज की एनसीसी इकाई का निरीक्षण




**नव भारत न्यूज पांढुरना, 17 अगस्त,** मध्यप्रदेश 24 बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पी.के. वेलू द्वारा सोमवार को नगर के कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की एनसीसी इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सूबेदार मेजर निसार भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के प्रारंभ में कर्नल पी.के.वेलू द्वारा एनसीसी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए एनसीसी से संबंधित विभिन्न अभिलेखों एवं फाइलों की विस्तारपूर्वक जांच की। उन्होंने , लॉन्ग रोल, परेड फाइल, ऑनलाइन एनरोलमेंट एवम अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात कर्नल पी.के वेलू द्वारा एनसीसी कैडेट्स के साथ एक प्रेरणात्मक सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार में उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी में शामिल होने के लाभ, सेना में सेवा के अवसर तथा एनसीसी के माध्यम से भारतीय सेना में अधिकारी बनने के विभिन्न मार्गों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं देशसेवा के महत्व के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।सेमिनार के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने कर्नल पी.के वेलू से एनसीसी के माध्यम से अधिकारी बनने से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। कर्नल वेलू ने कैडेट्स के प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महेंद्र घोड़े द्वारा कर्नल पी.के वेलू एवं सूबेदार मेजर निशार का आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के उपरांत कर्नल पी. के वेलू ने महाविद्यालय में संचालित एनसीसी इकाई की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया तथा लेफ्टिनेंट शैलेश झलके की मेहनत की सहराना की इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## सड़क हादसे में सरपंच के पुत्र सूरज की मौत, ग्राम पारडसिंगा में शोक की लहर



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 17 अगस्त.** ग्राम पारडसींगा सरपंच भोजराज धोतके के जेष्ठ सुपुत्र . सूरज भोजराज धोतके का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा 16 अगस्त, रविवार रात्रि 9:30 बजे हुआ। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सूरज को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आज सोमवार को उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मोक्षधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में नाते रिश्तेदार ,राजनितीक ,सामाजिक लोगो ने पहुंचकर श्रधांजलि दी।

## तृतीय कर्मचारी संघ पांच सूत्रीय मांग को लेकर आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे

**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 17 अगस्त,** मध्य प्रदेश तृतीय कर्मचारी संघ अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे, इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी तथा सदस्यों को प्रमुख रूप से उपस्थित रहने की अपील की है। मध्य प्रदेश तृतीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल भोयर ने बताया कि संगठन द्वारा अपनी जायज पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से शासन से शांतिपूर्वक मांग की जा रहीं है, लेकिन आज तक शासन द्वारा इस और कोई भी ध्यान नहीं देंने से अब प्रदेश के तृतीय वर्ग के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। प्रांतीय संगठन के आव्हान पर पांढुरना संगठन द्वारा 18 अगस्त को पांच बजे अपनी इन पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे ।

## चलती ट्रेन से गिरने से युवक की हुई दर्दनाक मौत



**नव भारत न्यूज पांढुरना, 17अगस्त,** पांढुरना से लगे तिगांव-गुडनखापा के मध्य रेलवे पटरी पर रविवार की रात एक युवक के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे रेलवे पुलिस के सिपाही द्वारा युवक को नगर जिला मुख्यालय के चिकित्सालय लाया जहां चिकित्सकों द्वारा इसका स्वास्थ्य परीक्षण करने पर इसे मृत घोषित किया । रेलवे पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सिकन्दराबाद सुपरफास्ट ट्रेन क्रमांक 12792 से पायदान पर बैठकर सफर कर रहा युवक इस चलती ट्रेन से रविवार की रात्रि लगभग 10:45 बजे ग्राम तिगांव-गुडनखापा के बीच गिर गया, रेलवे पुलिस द्वारा इस घायल युवक को संपर्क क्रांति ट्रेन से नगर के रेलवे स्टेशन पर लाने के तुरंत बाद नगर के चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों से इसे मृत घोषित किया,

युवक के कपड़ों में मिले दस्तावेज पर मृतक युवक की पहचान रणजीत सिंह पारधी हिंगना नागपुर के रूप में हुई हैं ।

## स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ पर श्री हनुमान जी महाराज का तिरंगा श्रृंगार बना आकर्षण

**लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

**नवभारत न्यूज़ सौंसर 17 अगस्त.** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली में आस्था, भक्ति और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तिरंगे के रंगों से सजा पूरा हनुमान लोक और श्री हनुमान जी महाराज का विशेष तिरंगा श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने जामसांवली धाम पहुंचकर श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन किए।




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह की आरती के पश्चात मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान 'जन गण मन' किया गया। केसरिया, सफेद और हरे रंगों की आकर्षक सजावट से हनुमान लोक का स्वरूप मनमोहक नजर आया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तैयार किया गया विशेष तिरंगा सेल्फी प्वाइंट भी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रही।

भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर संस्थान द्वारा दर्शन, आवागमन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गईं।वहीं, बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए सभामंडप की पीओपी का भी मंदिर संस्थान द्वारा तत्काल सुधार कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं को व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

## छात्रों को वितरित किए स्कूली बैग



**नव भारत न्यूज, बडचिचोली, 17 अगस्त,** ग्राम बड चिचोली मैं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम के शासकीय स्कूल के कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक बाल दुर्गा माता जनकल्याण समिति की और से नि:शुल्क स्कूली बैग का जनप्रतिनिधियों के हस्ते वितरण किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच श्रीमती भारती शेडे , जनपद पंचायत सदस्य सुमित्रा मौजै सहायक उप निरीक्षक प्रमोद डोंगरे शाला की प्रधान पाठिका राघासे मेडम शिक्षक कैलाश कसलीकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर 100 छात्र छात्राओं को स्कूल बैग का वितरण किया गया

## निर्माण स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर श्रम विभाग ने की जांच

**कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर श्रम विभाग की कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज पांढुर्णा, 17 अगस्त** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जवाहर वार्ड, राम नगर में पानी की टंकी निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर एक किशोर श्रमिक कार्यरत पाया गया। साथ ही श्रमिकों को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाने की स्थिति का भी जायजा लिया गया। जिला श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा ठेकेदार फर्म मेसर्स पिपले कंसल्टेंट, छिंदवाड़ा के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत निरीक्षण की कार्रवाई संपादित की गई। निरीक्षण के दौरान श्रमिकों को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ कार्य कराने के निर्देश दिए गए। जांच में किशोर श्रमिक से निर्धारित कार्य अवधि से अधिक कार्य कराए जाने की स्थिति पाए जाने पर उसे ओवरटाइम राशि 12,480 रुपये का भुगतान किए जाने के निर्देश भी दिए गए। श्रम विभाग द्वारा निर्माण कार्य में श्रमिकों की सुरक्षा, कार्य अवधि तथा बाल एवं किशोर श्रम संबंधी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए।

## जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन 19 अगस्त को

**पांढुर्णा, 17 अगस्त ,** जिला रोजगार कार्यालय छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में 19 अगस्त 2026 को जिला स्तरीय युवा संगम मेला (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला) आयोजित किया जा रहा है। मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) पांढुर्णा परिसर में जिला पांढुर्णा की ओर से किया जाएगा।युवा संगम मेले में विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा ट्रेनी क्रेडिट ऑफिसर, सतिजा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड छिंदवाड़ा द्वारा मार्केटिंग/सेल्स/फील्ड ऑफिसर तथा भारतीय जीवन बीमा निगम पांढुर्णा द्वारा बीमासलाहकार/ ऑफिस वर्क के पदों के लिए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। ट्रेनी क्रेडिट ऑफिसर पद के लिए 12वीं/ स्नातक, मार्केटिंग/ सेल्स/फील्ड ऑफिसर के लिए 10वीं/ 12वीं/स्नातक/आईटीआई तथा बीमा सलाहकार/ऑफिस वर्क के लिए 10वीं/12वीं/स्नातक शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है। इन पदों के लिए आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को पद के अनुसार 6 हजार से 14 हजार 500 रुपये तक वेतनमान प्राप्त होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 19 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय आईटीआई पांढुर्णा, अमरावती रोड, जिला पांढुर्णा में उपस्थित होकर रोजगार मेले में सहभागिता कर सकते हैं।

आयोजन

**ग्रामीण महिलाओं ने लिया पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प**

# ग्राम भीमखेड़ी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन

**नवभारत न्यूज पांढुर्णा/17 अगस्त ,** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में ग्राम भीमखेड़ी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे ने उपस्थित महिलाओं को पौधारोपण कर पौधों का बच्चों की तरह लालन-पालन एवं संरक्षण करने तथा उन्हें विकसित करने का संकल्प दिलाया। जनपद सदस्य श्रीमती कीर्ति पठाडे ने नवांकुर सखियों को एकजुट होकर समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। समाजसेवी श्री राहुल पठाडे ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार मानकर ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व एवं प्रकृति के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी के संबंध में जानकारी दी। श्री संजय माचीवार ने सर्पदंश से बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया। परामर्शदाता श्रीमती वर्षा खुरसंगे ने समाज कल्याण के कार्यों में महिलाओं की सहभागिता एवं सामुदायिक भागीदारी के संबंध में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष श्रीमती कौशल देशभ्रतार, सचिव श्रीमती जयश्री नारनवरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। समापन अवसर पर नवांकुर सखियों को पौधों का वितरण किया गया तथा पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाते हुए हरियाली यात्रा का समापन किया गया।

# विविध मांगों को लेकर कोटवार संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज़ सौंसर 17 अगस्त.** आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने सोमवार को कोटवारों की विविध मांगों के निराकरण के संबंध में प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि भारतीय मजदूर संघ प्रदेश के संगठित एवं असंगठित क्षेत्र शासकीय एवं निजी उद्योग क्षेत्र के नियमित संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतन अंशकालीन, श्रमिक कर्मचारियों, पेंशनरों के साथ ही प्रदेश के 38000 कोटवारों का भी प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय मजदूर संघ और कोटवार संघ ने विगत दिनों मांगों को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया था। जिनका निराकरण आज दिनांक तक नही हुआ है। ज्ञापन में कोटवार कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कहा है कि मध्यप्रदेश के सभी




38000 कोटवारों को नियमित किया जावे, सेवाकाल में 10 वर्ष पूर्ण कर चुके कोटवारों को शैक्षणिक योग्यता एवं समान कार्य समान वेतन के योग्यता के आधार पर समकक्ष पदों पर पदोन्नति का लाभ मिले।

राजस्व विभाग में भविष्य में भरे जाने वाले सभी समकक्ष पदों पर कोटवारों को योग्यता के आधार पर शासकीय भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जावे। कोटवार पंचायत 2023 में प्रदेश के सभी कोटवारों को मानदेय में प्रतिवर्ष 500 रूपये की वृद्धि की घोषणा अनुसार भूमिहीन कोटवारों के समान ही भूमिधारी कोटवारों को भी 500 रूपये मानदेय वृद्धि के अलावा विविध मांगो का समावेश है।

ज्ञापन सौंपने जिला अध्यक्ष अजय गजभिए, कर्मचारी नेता राजू खंडाईत, नरेंद्र गजभिए, जगदीश मड़के, महेंद्र गजभिए, सिद्धार्थ सोमकुवर के अलावा कोटवार उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार सौंसर-3, जिला पांढुर्णा (म.प्र)**

// इश्तेहार //

रा.प्र.कं/0514/अ-6/2026-57

मौजा-तिनखेडा प.ह.नं. 56

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, इस न्यायालय के रा0प्र0क0 0514/अ-6/2026-27 में पक्षकार कमलाकर पिता रामराव भुते विरूद्ध म0प्र0शासन निवासी तिनखेडा तहसील सौंसर जिला पांढुर्णा द्वारा मौजा तिनखेडा प.ह.नं. 56 रा0नि0सं0 लोधीखेडा तहसील सौंसर स्थित भूमि ख0क0 367/2, 159, 357/2 रकबा क्रमश: 0.458 हे0, 0.483 हे0, 0.504 हे0 भूमि वर्तमान अभिलेख में हेमराज पिता संतोषराव के नाम दर्ज है। मृतक हेमराज पिता संतोषराव की मृत्य दिनांक 04.04.2023 को अविवाहित फौत होने से नाम विलोपित कर, शेष सहखातेदारों के नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: वादोक्त तिनखेडा प.ह.नं. 56 रा0नि0म0 लोधीखेडा तहसील सौंसर स्थित भूमि ख0क0 367/2, 159, 357/2 रकबा क्रमश: 0.458 हे0, 0.483 हे0, 0.504 हे0 भूमि वर्तमान अभिलेख में हेमराज पिता संतोषराव के नाम दर्ज है। मृतक हेमराज पिता संतोषराव की मृत्य दिनांक 04.04.2023 को अविवाहित फौत के अलावा अन्य कोई विधिक वारसान अथवा किसी भी हितबद्ध पक्षकारों को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 20.08.2026 के पूर्व अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकता है। नियत मियाद बाद प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति को मान्य नही किया जावेंगा।

जारी दिनांक :-14/08/2026

नियत दिनांक:-20/08/2026

नायब तहसीलदार सौंसर( म.प्र. )